दिल की ये तमन्ना | By Rajan Mor

दिल की ये तमन्ना करो पूरी सरकार
बेचैन हूँ सांवरे कब होगा तेरा दीदार
दिल की ये तमन्ना ....

ज़िद कर बैठा हूँ सांवरे तुझको ही पाने की
इससे बड़ी ना आरज़ू कोई तेरे दीवाने की
ना चाहिए धन और दौलत न चाहिए मोतियन हार
बेचैन हूँ सांवरे ....

तेरी बंदगी से मिला मुझे रहमतों का खज़ाना
जी नहीं पाउँगा बिन तेरे कभी मुझसे ना दोर्र जाना
संग तेरे जीत रहा हूँ तेरे बिन जाऊँगा हार
बेचैन हूँ सांवरे ....

तड़पाओगे जो इस कदर टूट जाऊंगा मैं
विलम्ब करोगे तो सांवरे रूठ जाऊंगा मैं
अर्ज़ी करो ये पूरी फिर मानूंगा उपकार
बेचैन हूँ सांवरे कब होगा तेरा दीदार
दिल की ये तमन्ना ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-rajan-mor/